**<u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>**

**अक्तूबर, 2020 माह का सारांश**

<u>अक्तूबर माह, 2020 की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:</u>

1. **प्रशिक्षण को पुन: आरंभ करना:** अनलॉक 4.0 के तहत दी गई अनुमति के पश्चात आईटीआई, पीएमकेवीवाई और शिक्षुता प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों के तहत प्रशिक्षण केंद्रों ने चार राज्यों को छोड़कर अक्तूबर माह से कार्य करना आरंभ कर दिया है। ये केंद्र, इस मंत्रालय द्वारा जारी विस्तृत दिशानिर्देशों के साथ-साथ एमओएचएफडब्लयू द्वारा जारी एसओपी के अंतर्गत निर्धारित पूर्व सावधानियों का पालन कर रहे हैं।
2. **जेएसएस पुन: खोलना:** 2 नवंबर 2020 से जेएसएस के सभी प्रशिक्षण केंद्रों को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा यथा उल्लिखित सामाजिक दूरी और स्वच्छता मानदंडों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और फ्रेमवर्क जगह-जगह पर लगाए गए हैं ताकि प्रशिक्षण केंद्रों में इसका पालन किया जाए।
3. **नियामक शिकायतों को न्यूनतम करने के लिए आरंभ किया गया परामर्श:** मंत्रालय ने अपने हितधारकों और आम जनता के लिए नियामक अनुपालन को आसान बनाने की प्रक्रिया आरंभ की है। इसका उद्देश्य स्कीमों/परियोजनाओं के लिए प्रासंगिक कानूनों, नीतियों और विनियमों के अनुपालन में शामिल रीतियों को आसान बनाना और विभिन्न हितधारकों के प्रयासों के अनावश्यक दोहराव में कमी लाते हुए परिचालन पारदर्शिता को बढ़ाना है। इसके अनुसरण में, मंत्रालय हितधारकों के पिंच प्वाइंट को समझने और मुद्दों के उचित समाधान के उपायों पर उनके सुझावों को सुनने के लिए एक ऑनलाइन सर्वेक्षण कर रहा है।
4. **स्वयं सहायता समूहों के लिए एमएसडीई और एमओआरडी का अभिसरण:** स्वयं सहायता समूहों को उनके संबंधित क्षेत्रों में जेएसएस के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए एक अवधारणा पत्र तैयार किया गया तथा एमओआरडी के साथ साझा किया गया था। यह प्रस्तावित है कि एमएसडीई के तहत जन शिक्षण संस्थानों का नेटवर्क एसएचजी को कौशल प्रशिक्षण सहायता के माध्यम से क्षमता निर्माण प्रदान करेगा।
5. **विदेशों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रवासन:** विदेशों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रवास को सक्षम बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, पंद्रह देशों में भारतीय जॉब रोल की स्वास्थ्य क्षेत्र की जॉब रोल मैपिंग की गई है। जर्मनी में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रवासन के लिए एमएसडीई, विदेश मंत्रालय, जर्मनी में भारतीय दूतावास, एनएसडीसी, डीजीटी, एनसीवीईटी, स्वास्थ्य क्षेत्र कौशल परिषद और जर्मनी सरकार तथा जर्मन सरकार और जर्मनी सरकार के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक उप कार्यकारी समूह की स्थापना की जा रही है। विदेश मंत्रालय और सभी देशों के दूतावासों को इन

देशों के नियामक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग करने के अनुरोध के संबंध में अनुस्मारक पत्र/ई-मेल द्वारा भेजा गया है।

6. **आकांक्षात्मक जिले:** आकांक्षात्मक कौशलीकरण योजना में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए अधोहस्ताक्षरी ने 13 अक्तूबर को गैर-हिंदी राज्यों के आकांक्षात्मक जिलों के जिला कलेक्टरों के साथ एक वर्चुअल मीटिंग की।

7. **संकल्प के तहत की जाने वाली गतिविधियां:** डीएसडीपी अवाईस 2020-21 के तहत 28 राज्यों के 448 जिलों से जिला कौशल विकास योजनाएं (डीएसडीपी) प्राप्त हुई हैं। यह 2019-20 के लिए प्राप्त 223 डीएसडीपी की तुलना में काफी अधिक था। संकल्प के कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड की बैठक 29 अक्तूबर को हुई, जिसमें देश में सभी जिलों के लिए एमजीएनएफ के विस्तार, ट्रेशर स्टडीज की शुरूआत, ग्राम पंचायत स्तर पर कौशल के एकीकरण, आदि जैसी कई योजनाओं को मंजूरी दी गई।

8. **राजभाषा पुरस्कार 2020:** राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के लिए पुरस्कारों का आयोजन 28.10.2020 को ऑनलाइन किया गया। माननीय राज्य मंत्री जी ने कुल छह श्रेणियों में 30 पुरस्कार वितरित किए हैं।

9. **प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण:** आईटीआई/एनएसटीआई के 494 मास्टर प्रशिक्षकों को विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से 2 दिनों के लिए सीएसटीएआरआई द्वारा वेबिनार के माध्यम से आयोजित मिश्रित शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

10. **नए पाठ्यक्रमों का प्रारंभन:** 'नॉर्म्स एंड कोर्सेज' पर सिफारिश समिति की 7 वीं बैठक वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 29.10.2020 को आयोजित की गई थी, जिसमें आईटीआई/ एनएसटीआई/उद्यमों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 और उससे आगे के लिए 29 नए पाठ्यक्रमों (13 अल्पावधि पाठ्यक्रम, 16 दीर्घकालिक पाठ्यक्रम) के प्रारंभन अनुमोदन के लिए रखा गया।

11. **ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट (एआईटीटी):** 2019-20 सत्र के क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) प्रशिक्षुओं के लिए एआईटीटी, प्रशिक्षुओं के पहला बैच 09/10/2020 से 18/10/2020 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

12. **उद्योग के साथ आईटीआई की साझेदारी:** डीजीटी- माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन इंडिया प्रा. लि. और नेस्कॉम फाउंडेशन के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत नेस्कॉम फाउंडेशन डीजीटी और माइक्रोसॉफ्ट को कोपा ट्रेड के लिए मिश्रित लर्निंग पाठ्यक्रम के डिजाइन और विकास में विशेषज्ञता प्रदान करने में सहयोग करेगा और परियोजना के तहत परिकल्पित टीओटी वितरित करेगा। भारत स्किल्स संबंधी नेट-एक्ड स्व-शिक्षण पाठ्यक्रम (bharatskills.gov.in) सुलभ कराने और अन्य 2 वर्षों के लिए छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रमाणन के लिए सिस्को के साथ समझौता ज्ञापन के विस्तार के लिए कार्रवाई शुरू की गई है।

13. **अभियान और शपथ:** कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के लिए जन आंदोलन अभियान शुरू किया गया। पूर्व सावधानी बरतने के लिए संबंधी जागरूकता के लिए 21 लाख

उम्मीदवारों को ईमेल भेजे गए थे। एमएसडीई अधिकारियों और मंत्रालय के अधीन संस्थाओं द्वारा सतर्कता सप्ताह और राष्ट्रीय एकता दिवस को शपथ ली गई।

14. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बैठक:** व्यावसायिक शिक्षा के साथ औपचारिक शिक्षा के सहज एकीकरण के लिए रोड मैप तैयार करने के लिए उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई, यूजीसी, सीबीएसई आदि के साथ 1 अक्तूबर को एक बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद 20 अक्तूबर को स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और उनकी टीम के साथ एक बैठक हुई।
15. **एसजीओएस बैठक:** एसजीओएस समूह 4 (सामाजिक क्षेत्र) के सचिवों के साथ मंत्रिमंडल सचिव द्वारा एक समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें 7 अक्तूबर को सचिव एमएसडीई ने भी भाग लिया और एसजीओएस कार्ययोजना के तहत हुई प्रगति को प्रस्तुत किया।
16. **एनसीवीईटी बैठक:** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद की दूसरी बैठक 20 अक्तूबर को आयोजित की गई, जिसमें नई अवार्डिंग बॉडी और मूल्यांकन एजेंसी दिशानिर्देशों को मंजूरी दी गई। जिन्हें 27 अक्तूबर को माननीय मंत्री, एमएसडीई की अध्यक्षता में एक समारोह में सार्वजनिक रूप से जारी किया गया।

*******